हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
8 फरवरी 2026, बरेली



# एसआरएमएस का 25वां दीक्षांत आज

बरेली। रविवार को एसआरएमएस ट्रस्ट के महाविद्यालयों का 25वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है, इसमें बीटेक, बीफार्मा, एमफार्म, एमटेक, एमबीए, एमसीए, एमबीए व बीए एलएलबी पाठ्यक्रमों के सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र और पदक वितरित किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पांडेय, एनटीए नई दिल्ली के चेयरमैन प्रो. प्रदीप कुमार जोशी और स्पेस एप्लीकेशन सेंटर इसरो अहमदाबाद के हेड-एम्पलीफायर डिवीजन की साइंटिस्ट इंजीनियर पूजा श्रीवास्तव शामिल होंगी।